# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

डॉ0 राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर , पंचम ब्लॉक, पंचम तल,जे0एल0एन0मार्ग, जयपुर

Email: rajsmsaraa@gmail.com


क्रमांक : प.( )/रास्कूशिप/जय/RRA/ पीएमश्री दिशानिर्देश / 2025–26/ दिनांक :

## विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता 2025–26

## प्रस्तावित दिशा–निर्देश

विद्यार्थियों में विज्ञान एवं तकनीकी की प्रति रूची जागृत करने तथा वैज्ञानिक प्रवृत्ति उत्पन्न करने में विज्ञान मेले बहुत कारगर होते है। ये मेले विद्यार्थियों को उनकी जिज्ञासा एवं रचनात्मकता के लिए एक मंच उपलब्ध करवाते है। जिसमें वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते है।

**विद्यालय स्तर पर मेला आयोजन :–**

| क्र. सं. | मेले का स्तर | अवधि | आयोजन दिनांक | उत्तरदायी अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्यालय स्तर | 1 दिन | अगस्त 2025 से सितम्बर 2025 के मध्य (RSCERT उदयपुर द्वारा जारी दिशा–निर्देशानुसार) | संस्थाप्रधान |

**पीएमश्री विद्यालयों के प्रधानाचार्य हेतु निर्देश :–**

- विद्यार्थियों को विज्ञान मेले के आयोजन की सूचना देवें एवं मेले के लिए प्रादर्श निर्माण व क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को प्रेरित करें।
- एक संभागी एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा।
- प्रतियोगिताओं में प्रस्तुति का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा।
- विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संभागी जिला स्तर पर भाग लेगे।
- संस्थाप्रधान यह सुनिश्चित करें कि विद्यालय में विज्ञान मेला एवं विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन अनिवार्यतः किया जाये तथा विद्यालय स्तर पर प्रथम रहे संभागी जिला स्तर पर अनिवार्यतः भाग लेवें।
- सभी प्रतिभागियों एवं निर्णायकों को प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।
- विज्ञान मेला एवं विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता में मूल्यांकन निर्णय व्यवस्था निष्पक्ष, पारदर्शी हो यह सुनिश्चित किया जाए। मेले में प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एक प्रतिभागी को ही मिले। विद्यार्थियों द्वारा स्वयं बनाए गये प्रादशों को वरियता दी जाये। प्रतियोगिता का निर्णय एक दिन में ही सम्पन्न हो ऐसी व्यवस्था की जाए।


Signature Not Verified

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.07.02 16:36:52 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16065250

- प्रादर्श एवं अन्य प्रतियोगिता सामग्री पर संभागी का नाम व विद्यालय का नाम नही लिखा हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। उस पर आवंटित कोड संख्या ही लिखी जाए।
- दिव्यांगों के लिए उपयोगी प्रादर्श को प्रोत्साहित किया जाए।

## विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता हेतु गतिविधियां

## गतिविधि–1 विज्ञान प्रादर्श प्रतियोगिता

**मुख्य विषय** – RSCERT उदयपुर द्वारा जारी दिशा–निर्देशानुसार

- मुख्य विषय व उपविषयों को ध्यान में रखते हुए जूनियर (कक्षा 6–8) एवं सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) में श्रेष्ठ प्रादर्श का चयन करें।
- प्रत्येक संभागी को अपने प्रादर्श के प्रस्तुतीकरण हेतु अधिकतम 7 मिनिट का समय दिया जाएगा। इसमें विद्यार्थी को अपने प्रादर्श निर्माण के उद्देश्य, वैज्ञानिक सिद्धान्त, कार्यविधि व उपयोगिता बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुतीकरण के लिए 5 मिनिट का समय दिया जाएगा एवं निर्णायकों द्वारा शेष 2 मिनिट में मॉडल से संबंधित प्रश्नोत्तर किए जायेगे।

### मूल्यांकन संबंधी दिशा निर्देश :

विद्यालय स्तर पर प्रादर्श प्रतियोगिता (जूनियर एवं सीनियर) के मूल्यांकन हेतु जीव विज्ञान, कृषि विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, दिव्यांग के लिए उपयोगी/आई.टी. के विषय विशेषज्ञ की नियुक्ति करेंगे। विषय–विशेषज्ञ हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषा समझने या प्रश्न करने में सक्षम हो।

1. प्रादर्श प्रदर्शन प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी जूनियर वर्ग में तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी सीनियर वर्ग में भाग ले सकेंगे।
2. प्रादर्श प्रदर्शन प्रतियोगिता में एन. सी.ई.आर.टी. द्वारा निर्धारित उपविषयों में से प्रत्येक उपविषय में एक–एक विद्यार्थी भाग ले सकेगा।
3. विद्यार्थी स्वयं प्रादर्श का निर्माण करें। विद्यार्थी के प्रादर्शों में अपनी सृजनात्मकता, मौलिकता, वैज्ञानिकता एवं गणित के नवाचार वैज्ञानिक सोच एवं समाज के लिए उपयोगी हो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के स्वयं की सृजनशीलता, तकनीक कौशल, कर्म कौशल एवं शिल्प कौशल को वरीयता दी जाए।
4. प्रादर्श मितव्ययी (कम लागत के), सुवाह्य (पोर्टेबल) एवं टिकाऊ हो। ये अत्यन्त बड़े न हों कि इन्हें स्थानान्तरित करने में कठिनाई आए।

RajKaj Ref No.: 16065250

**अंक निर्धारण :**

| विद्यार्थी की सृजनात्मकता /कल्पनाशीलता का समावेश | मौलिकता /नवाचार | वैज्ञानिक सोच/ उपागम/ सिद्धान्त | तकनीकी कौशल/ कर्मकौशल/ शिल्प कौशल | सामान्यजनों एवं बालकों के लिए उपयोगिता /शैक्षिक महत्व | मितव्ययी/ सुवाह्य/ टिकाऊपन | प्रस्तुतीकरण | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 अंक | 15 अंक | 15 अंक | 15 अंक | 15 अंक | 10 अंक | 10 अंक | 100 अंक |

## गतिविधि–2 विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता

1. इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 (जूनियर वर्ग) एवं कक्षा 9 से 12 (सीनियर वर्ग) के विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला प्रतियोगी ही जिला स्तर पर भाग ले सकेगा।
2. छात्र–छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता सम्मिलित रूप से आयोजित की जाएगी।
3. विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का पाठ्यक्रम कक्षा 6 से 8 (जूनियर वर्ग) के लिए विज्ञान, गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान एवं कक्षा 9 से 12 (सीनियर वर्ग) के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान होगा।
4. इस प्रतियोगिता में क्विज नियंत्रक का निर्णय ही सर्वमान्य होगा।
5. प्रतियोगिता हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम में आयोजित की जाएगी।

**विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी।**

**(अ) प्रथम चरण (क्वालिफाईंग राउन्ड)**

इसके अन्तर्गत लिखित परीक्षा होगी, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतियोगी छात्र–छात्राओं की विषय आधारित जानकारी का परीक्षण कर उन्हें मौखिक परीक्षा के चरण में प्रवेश देना है।

क्वालिफाइंग राउन्ड सम्बन्धित प्रश्न पत्र का निर्माण विद्यालय के गणित एवं विज्ञान विषय अध्यापक/प्राध्यापक विशेषज्ञों के दल द्वारा किया जाए।

प्रश्नों की संख्या–50, पूर्णांक– 50 अंक, प्रश्नों के प्रकार बहुचयनात्मक,

अवधि –60 मिनट, प्रतिविषय अंकभार–10 अंक

**विषय क्षेत्र** (जूनियर वर्ग) 1. विज्ञान 2. गणित 3. कम्प्यूटर विज्ञान

**विषय क्षेत्र** (सीनियर वर्ग) 1. भौतिक विज्ञान 2. रसायन विज्ञान 3. जीव विज्ञान 4. गणित 5. कम्प्यूटर विज्ञान

इन विषय क्षेत्रों में से प्रत्येक से 10–10 प्रश्न पूछे जाएंगे।

विद्यालय स्तर के लिए क्वालिफाईंग परीक्षा का आयोजन मेले के एक दिवस पूर्व किया जाएगा, जिसके लिए चयनित विद्यार्थी को एक प्रश्न पत्र दिया जाएगा। यह परीक्षा व्यक्तिगत होगी। सभी विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों की वरीयता सूची बनाई जाएगी। परीक्षा

RajKaj Ref No.: 16065250

में वरीयता सूची में प्रथम 4 स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों के परिणाम की घोषणा प्रथम चरण की परीक्षा के दिन ही की जाएगी।

**(ब) द्वितीय चरण (मौखिक अभिव्यक्ति)** मौखिक अभिव्यक्ति हेतु चार समूह बनाए जाने हैं। प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ समूह के लिए द्वितीय चरण (मौखिक अभिव्यक्ति) के आगे दिए गए चार चक्र **(विशिष्ट, दीर्घ, बजर एवं त्वरित चक्र)** आयोजित किए जाए। इसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त प्रतियोगी को विजेता घोषित किया जाए। विज्ञान विषय के विशेषज्ञ/प्राध्यापक/वरिष्ठ शिक्षक को क्विज नियंत्रक नियुक्त किया जाए एवं क्विज प्रतियोगिता के संचालन के लिए विज्ञान विषय के प्राध्यापक/शिक्षकों को क्विज मास्टर्स के रूप में नियुक्त किया जाए जो प्रतियोगियों से प्रश्न पूछेगे। साथ ही दो शिक्षकों को टाइम कीपर तथा स्कोरर के रूप में नियुक्त किया जाए।

## सामान्य निर्देश

मौखिक परीक्षा में प्रश्न एक ही बार बोला जाएगा। सभी प्रतियोगी प्रश्न ध्यानपूर्वक सुनेंगे। प्रश्न की पुनरावृत्ति नहीं की जाएगी। प्रत्येक चक्र में उत्तर देने की अवधि निश्चित है। उत्तर देने की अवधि प्रश्न समाप्त होने के पश्चात् प्रारम्भ होगी। अंग्रेजी माध्यम के प्रतिभागी से अंग्रेजी में प्रश्न पूछा जाएगा।

**प्रथम चक्र (विशिष्ट चक्र)** – प्रथम चक्र (विशिष्ट चक्र) में प्रश्नों की संख्या –4 होगी।

- प्रति प्रश्न अंक भार –10 अंक
- उत्तर देने की अवधि 10 सैकण्ड प्रति प्रश्न

## विषय क्षेत्र

इस चक्र हेतु विषय क्षेत्र भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान विज्ञान, गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान के विविध क्षेत्र होंगे।

**द्वितीय चक्र (दीर्घ चक्र) –** इस चक्र में प्रश्नों के वाक्यांश दीर्घ होते हैं। साथ ही उत्तर देने की अवधि भी दीर्घ होती है। अतः इसे दीर्घ चक्र कहा जाता है। टीम के समक्ष श्रव्य दृश्य सामग्री यथा–प्रयोग, चार्ट, मॉडल, चित्र, यंत्र, उपकरण, स्लाइड, ओवर हेड प्रोजेक्टर आदि से प्रदर्शन किया जाए। प्रदर्शन के बाद सामग्री हटा ली जाए तथा प्रदर्शित सामग्री पर आधारित प्रश्न पूछा जाए।

- प्रति संभागी प्रश्नों की संख्या 5 (प्रत्येक विषय से एक–एक)
- प्रति प्रश्न अंक भार 10 अंक
- उत्तर देने की अवधि 20 सैकण्ड प्रति प्रश्न
- प्रश्न को एक प्रतियोगी द्वारा पास किए जाने पर दूसरे प्रतियोगी को उत्तर देने के लिए दिया जाने वाला समय 5 सैकण्ड तथा सही उत्तर देने पर 5 अंक बोनस दिए जाएंगे।

**विषय क्षेत्र**

इस चक्र हेतु विषय क्षेत्र भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान विज्ञान, गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान के विविध क्षेत्र होंगे।

**तृतीय चक्र (बजर चक्र) –** इस चक्र में प्रश्न पूछने के पश्चात विद्यार्थी पहले जवाब देने के लिए बजर/संकेत करता है, इस चक्र को बजर चक्र कहा जाता है।

- इस चक्र में कुल प्रश्नों की संख्या 5 होगी। प्रत्येक विषय से एक एक प्रश्न (जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित तथा कम्प्यूटर विज्ञान) होगा परन्तु यह उभय निष्ठ रहेगा।
- प्रश्न पूछने के पश्चात जो विद्यार्थी पहले जवाब देने के लिए बजर/संकेत करेगा। वही विद्यार्थी प्रश्न का जवाब देगा। गलत जवाब होने पर नकारात्मक अंकन (–5 अंक) होगा।
- प्रति प्रश्न अंक भार – 15 अंक
- उत्तर देने की अवधि – 10 सैकण्ड

**चतुर्थ चक्र (त्वरित चक्र) –**इस चक्र में संभागियों से एक मिनट में 12 प्रश्न त्वरित गति से पूछे जाते हैं। अतः इसे त्वरित चक्र कहते हैं।

- प्रश्नों की संख्या – 12
- प्रति प्रश्न अंक–5
- समय 1 मिनिट
- इस चक्र में जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, तथा विज्ञान के विविध क्षेत्र में से तीन–तीन प्रश्न पूछे जाएंगे।
- त्वरित चक्र में क्विज मास्टर शीघ्रता पूर्वक प्रश्न पूछेगा ताकि 1 मिनट में पूछे जा सके।
- प्रतियोगी को शीघ्रता से उत्तर देना होता हैं अतः प्रतियोगी को हिदायत दी जाए कि जिस प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो क्विज मास्टर को वह पास कह दे।
- यदि कोई विद्यार्थी उत्तर देने में समय नष्ट करता है तो उसके हिस्से में कम प्रश्न आएँगे।
- यदि मौखिक क्विज के अंतिम चक्र के पश्चात् प्रथम स्थान पर किन्ही दो या अधिक प्रतियोगियों के कुल अंक समान हो तो उनके लिए पुनः त्वरित चक्र तब तक आयोजित किया जाए जब तक कि एक प्रतियोगी विजेता नहीं बनें।

# समेकित अंक पत्रक (Score sheet)

संभागी का नाम A ............................................... B ...............................................

C ............................................... D ...............................................

### प्रथम चक्र (विशिष्ट चक्र)

**10 अंक प्रति प्रश्न, 10 सैकण्ड प्रति प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | प्राप्त अंक | | | |
|---|---|---|---|---|
| | टीम A | टीम B | टीम C | टीम D |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| योग | | | | |

### द्वितीय चक्र (दीर्घ चक्र)

**10 अंक प्रति प्रश्न, बोनस अंक 5 प्रति प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | प्राप्त अंक | | | |
|---|---|---|---|---|
| | टीम A | टीम B | टीम C | टीम D |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| योग | | | | |

### तृतीय चक्र (बजर चक्र)

**15 अंक प्रति प्रश्न (प्रति गलत उत्तर माइन्स 5) समय 10 सैकण्ड**

| प्रश्न संख्या | घण्टी/बजर बजाने वाली टीम | प्राप्त अंक | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | टीम A | टीम B | टीम C | टीम D |
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| योग | | | | | |

## चतुर्थ चक्र (त्वरित चक्र)

### 05 अंक प्रति प्रश्न, कुल समय 60 सैकण्ड

| प्रश्न संख्या | प्राप्त अंक | | | |
|---|---|---|---|---|
| | टीम A | टीम B | टीम C | टीम D |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| 6 | | | | |
| 7 | | | | |
| 8 | | | | |
| 9 | | | | |
| 10 | | | | |
| 11 | | | | |
| 12 | | | | |
| योग | | | | |

### अंकों का समेकित विवरण

| संभागी टीम | प्रथम चक्र | द्वितीय चक्र | तृतीय चक्र | चतुर्थ चक्र | योग | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | | | | | | |
| B | | | | | | |
| C | | | | | | |
| D | | | | | | |

हस्ताक्षर क्विज नियंत्रक

हस्ताक्षर क्विज मास्टर

हस्ताक्षर क्विज स्कोरर

# विज्ञान मेला एवं विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता 2025–26

## प्रतिवेदन

(जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) को भेजा जाना है)

आयोजना दिनांक ..........................................................................

आयोजक विद्यालय का नाम :– ..................................................

संस्थाप्रधान का नाम :– ..................................................................

संस्थाप्रधान का मोबाइल नम्बर :– ..................................................

1. प्रस्तावना :
2. उद्घाटन समारोह (विवरण दें)
3. संभागियों का विवरण

**(क) प्रादर्श प्रदर्शन प्रतियोगिता जूनियर/सीनियर**

| क्र.सं. | उपविषय | संभागी | | |
|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | योग |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |

**(ख) विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता जूनियर/सीनियर**

| क्र.सं. | उपविषय | संभागी | | |
|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | योग |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |

**(ग) कुल संभागी छात्र ........................ छात्रा ................... योग .................**

**दिव्यांग संभागी : छात्र ......................... छात्रा ................... योग .................**

**4. प्रत्येक गतिविधि का विवरण**

**5. निर्णायकों की सूची**

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | निर्णायक का नाम | पद | पदस्थापन स्थान | शैक्षिक योगयता | मोबाइल नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**6. लाभान्वित दर्शकों की संख्या**

| विद्यार्थियों की संख्या | शिक्षकों की संख्या | अभिभावक व अन्य | योग |
|---|---|---|---|
| | | | |

**7. समापन समारोह विवरण :**

**हस्ताक्षर मय सील**
प्रधानाचार्य

# व्यय विवरण प्रारूप

विद्यालय का नाम ....................................................................................................

| क्र.सं. | बिल का क्रमांक एवं दिनांक | फर्म का नाम | बिल राशि | रोकड़ पुस्तिका पृष्ठ संख्या व दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

कार्यक्रम का नाम ...............................................................................................

दिनांक ..................................................................................................................

आंवटित राशि ......................................................................................................

रोकड़ पुस्तिका में प्राप्ति दिनांक एवं पृष्ठि संख्या ....................................................

## समेकित व्यय विवरण

| क्र.सं. | मद | मदानुसार आवंटित राशि | व्यय राशि | शेष राशि |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

कुल प्राप्त राशि ...............................................

व्यय राशि ..........................................................

शेष राशि ...........................................................

**हस्ताक्षर मय सील**

**प्रधानाचार्य**

# विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता 2025–26

## उपयोगिता प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा विद्यालय के खाता संख्या ................................................ दिनांक ................ में विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता 2025–26 हेतु प्राप्त राशि 10,000/– रूपये का रोकड पुस्तिका के पृष्ठ संख्या पर इंद्राज कर लिया गया है।

आप द्वारा उपलब्ध बजट पैटर्न अनुसार विद्यालय स्तर पर विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता 2025–26 हेतु राशि का उपयोग किया गया है। तथा व्यय उपरान्त बची हुई राशि ............................... दिनांक ......................... को राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के खाते में जमा करा दी गई है।

उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं व्यय विवरण की एक प्रति राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर को प्रेषित की जा रही है। मूल वाऊचर्स कार्यालय अभिलेख में सुरक्षित रख लिये गये है।

हस्ताक्षर मय सील

प्रधानाचार्य

**पीएमश्री विद्यालय ..............................................................................................................**

**विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता 2025–26**

## पंजीयन प्रपत्र

(प्रादर्श, विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता के लिए)

| संभागी का फोटो |
|---|

संभागी छात्र/छात्रा का नामः ......................................................................

पिता का नामः ........................................................................................

लिंग (छात्र/छात्रा) ..................................................................................

वर्ग (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य/विपिव) ..............................................

कक्षाः .......................................................................................................

जन्म दिनांकः ............................................................................................

विद्यालय का नामः .....................................................................................

प्रादर्श का नामः ..........................................................................................

प्रतियोगिता उपविषय का नामः ....................................................................

संभागी की ई–मेल आई डीः ...........................................................................

संभागी का मोबाइल नंः .............................................................

मार्गदर्शक शिक्षक का नामः .............................................................

मार्गदर्शक शिक्षक का मोबाइलः .............................................................

RajKaj Ref No.: 16065250

# विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता 2025–26
## बजट विवरण

विज्ञान मेला एवं विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता हेतु विद्यालय को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर से आवंटित राशि 10,000/– रूपये (अक्षरे : दस हजार रूपये) भिजवाये जायेगे। उक्त गतिविधि हेतु राशि विद्यालय को निम्नानुसार स्थानान्तरित की जायेगी :–

| क्र.सं. | मद (कक्षा 6 से 8) जूनियर एवं (कक्षा 9 से 12) सीनियर | राशि |
|---|---|---|
| 1. | **पुरस्कार** – प्रादर्श/मॉडल (**कक्षा 6 से 8** जूनियर)<br>प्रथम –1<br>द्वितीय–1<br>तृतीय–1 | 7000/–<br>(आवश्यकतानुसार) |
| 2. | **पुरस्कार** –प्रादर्श/मॉडल (**कक्षा 9 से 12** सीनियर)<br>प्रथम –1<br>द्वितीय–1<br>तृतीय–1 | |
| 3. | **पुरस्कार** – विज्ञान गणित क्विज (**कक्षा 6 से 8** जूनियर)<br>प्रथम –1<br>द्वितीय–1<br>तृतीय–1 | |
| 4. | **पुरस्कार** – विज्ञान गणित क्विज (**कक्षा 9 से 12** सीनियर)<br>प्रथम –1<br>द्वितीय–1<br>तृतीय–1 | |
| 5. | कन्टीजेन्सी (टाईपिंग, फोटो कॉपी, प्रचार सामग्री, प्रमाण–पत्र, बैनर, स्टेशनरी, प्रदर्शिनी हेतु स्टॉल/टेबल/लाईट/कुर्सी/ मंच/माईक/फोटोग्राफी इत्यादित | 3000/– |
| | **कुल राशि** | **10000/–** |

कार्यक्रम की समाप्ति के 7 दिवस में व्यय विवरण, उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं प्रतिवेदन भरकर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद को अनिवार्यतः भिजवाये।

बजट पैटर्न के मदानुसार ही व्यय किया जाये एवं किसी मद में बची हुई राशि लौटाई जावें। बजट पैटर्न की सीमा से यदि किसी मद में व्यय का अधिक हो तो पुनर्भरण की जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

RajKaj Ref No.: 16065250

## बजट प्रावधान

**राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025–26 के तहत** विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित प्रश्नोत्तरी हेतु 79 पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए कुल राशि 7.90 लाख रूपये एवम् 549 पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए 54.90 लाख रूपये का प्रावधान है। विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित प्रश्नोत्तरी हेतु कुल बजट प्रावधान 62.80 लाख रूपये का प्रावधान है। **(परिशिष्ट–ल एवं परिशिष्ट–व पर संलग्न है।)**

**तालिका** **(राशि रू. लाख में)**

| क्र.सं. | विद्यालय स्तर | गतिविधि | Physical | Unit Cost in lac | बजट प्रावधान रू. | क्रियान्वयन का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्च प्राथमिक विद्यालय | विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित प्रश्नोत्तरी | 79 विद्यालय | 0.10 | 7.90 | विद्यालय स्तर पर |
| 2. | उच्च माध्यमिक विद्यालय | विज्ञान मेला तथा विज्ञान एवं गणित प्रश्नोत्तरी | 549 विद्यालय | 0.10 | 54.90 | विद्यालय स्तर पर |

## गतिविधियों की मॉनिटरिंग

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय/सीबीईओ/पीईईओ द्वारा नियमित रूप से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की समस्त गतिविधियों की मॉनीटरिंग की जाए।

## लेखा संबंधित निर्देश

- जिस मद में राशि उपलब्ध कराई जा रही है व्यय उसी मद में किया जावे।
- व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
- राशि का उपयोग योजना के दिशा निर्देश, एमओई गाईड लाइन एवं लोक उपापन में पादर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुये विहित प्रक्रिया अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जावे।
- पीएमश्री के तहत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की समस्त गतिविधियां जनवरी, 2026 तक पूर्ण की जायें।

## बजट मद

| Major Recommendation Component Name | Sub Component Name | Activity Name |
|---|---|---|
| Curriculum, Pedagogy and Assessment | Rashtriya Aavishkar Abhiyaan | Rashtriya Aavishkar Abhiyan (Class VI - XII) |

**राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की गतिविधियों के क्रियान्वयन की टाइम लाइन निम्नानुसार है –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञान मेला एवं विज्ञान गणित प्रश्नोत्तरी | सितम्बर 2025 तक या जिला स्तरीय विज्ञान मेले के आयोजन से पहले | विद्यालय स्तर पर |

**Activity calendar with timeline RAA: 2025-26**

| Sub-Activities | Apl | May | June | July | Aug | Sep | Oct | Nov | Dec | Jan | Feb | Mar |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Science fair and Science-Math quiz | | | | Y | Y | Y | | | | | | |

**(अनुपमा जोरवाल)**
**राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त**

**क्रमांक : प.( )/रास्कूशिप/जय/RRA/ पीएमश्री दिशानिर्देश / 2025–26/** **दिनांक :**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, समग्र शिक्षा, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान बीकानेर।
4. निजी सहायक, निदेशक आरएससीईआरटी, उदयपुर।
5. निजी सहायक, निदेशक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय समग्र शिक्षा, जयपुर।
6. अति0 निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. जिला प्रभारी, समस्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
8. प्रोग्रामर, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
9. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
10. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले।
11. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
12. प्रधानाचार्य, डाइट, समस्त जिले।
13. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
14. UCEEO/PEEO, समस्त।
15. कार्यालय प्रति।

Signature Not Verified

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.07.02 15:36:52 IST
Reason: Approved